दीपावली स्नेह मिलन समारोह

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ सेंट टेरेसा सीसै स्कूल झालावाड में मुशायरे और कवि सम्मेलन के जरिये दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें टोंक से आए हुए पीरे तरीकत सूफी इफ्तिखार उद्दीन और झालरापाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोनी ''यौवन रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सईद शफीकी ने की। कार्यक्रम का संचालन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर फहीम खान ने किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्र निगम रहें। कवियित्री जिया नामा के अश्आर से प्रोग्राम का आगाज हुआ। ''हम जहां आंख उठाते है वहाँ होता है हर तरफ आपके होने का गुमां होता है''

शायर रईस कादरी ने जिंदगी के पेचों खम पर शायरी पेश करते हुए कहा 'घर हमारा है मगर है घर में है वेटर की तरह- अब गुटरगूँ कर रहें है हम कबूतर की तरह', प्रकाश चंद्र सोनी यौवन अपनी कविताएं पेश की जिसमें ''किसी एक को कैसे पूंजूँ-देवों की भरमार बहुत है'' मुराद खान मुराद अपनी में कहा कि ''आपका दिया।

कार्यक्रम में प्रतिमा पुलक, जगदीशचन्द सोनी, दानिश व बी.एस. वर्मा एवं अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाऐं प्रस्तुत की। अंत में कार्यक्रम के आयोजक जाकिर खान जाकिर ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

भारत को जानो प्रतियोगिता से होते हैं बच्चों में संस्कार प्रबल :जिला कलेक्टर

गंगापुर सिटी । रविवार को भारत विकास परिषद के उत्तर पश्चिम क्षेत्र की भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान पूर्व प्रांत की गंगापुर सिटी मुख्य शाखा द्वारा खंडेलवाल सेवा सदन गंगापुर सिटी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ.धर्मेंद्र मित्तल ने बताया कि भारत विकास परिषद के संस्कार प्रकल्प के तहत भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन पूरे भारतवर्ष में किया जाता है।

शाखा सचिव रामदयाल मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गौरव सैनी (जिला कलेक्टर) गंगापुर सिटी, अध्यक्षता श्याम शर्मा भारत विकास परिषद के प्रोजेक्ट चेयरमैन ग्राम विकास, मुकेश लाठी राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य भारत को जानो, संदीप बाल्दि क्षेत्रीय महासचिव, डॉ. शिवदयाल मंगल क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव, इंजी. उमेश शर्मा डीएस साइंस एकेडमी, हेमंत जोशी क्षेत्रीय सचिव संस्कार, हेमंत गर्ग प्रांतीय महासचिव, वेद प्रकाश शर्मा कार्यक्रम संयुक्त संयोजक, किशन पाठक क्षेत्रीय सचिव संस्कार,अनिल वैष्णव शाखा कोषाध्यक्ष, प्रांतीय अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रांतीय अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभी सातों प्रांत से विजेता होकर आई टीमो एवं सभी उपस्थित का स्वागत करते हुए परिषद का परिचय दिया एवं बताया कि लगभग 3 लाख प्रतियोगियों में से विजेता होकर यह टीम क्षेत्रीय कार्यक्रम में भाग ले रही है। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए परिषद के सभी सदस्य पिछले15 दिनों से लगातार मेहनत कर रहे हैं एवं परिषद की पांचों शाखों के पदाधिकारी ने भी इसमें पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय 7 प्रांत (बाडी, भुसावर जोधपुर , बाडमेर भीलवाडा, अजमेर, पीलीबंगा, गंगानगर, भिवाडी, अलवर, बूंदी, कोटा, आसपुर के प्रतिभागियों की कंप्यूटराइज प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसमें बारी-बारी से सभी प्रतिभागियों से भारत के विभिन्न क्षेत्रों से प्रश्न पूछे गए। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि भारत विकास परिषद की यह प्रतियोगिता समाज में संस्कार भावना को बढाने के साथ ही पूरे भारत में बच्चों को आपस में जोडकर भी रखती है। विजेता बालक-बालिका विभिन्न प्रांतो में जाकर अपनी संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं जो की सराहनीय कार्य है। भामाशाह इंजी. उमेश शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में आत्म में बढोतरी होती है जिससे वह जीवन में कई क्षेत्रों में आगे बढकर सफल भी होते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्र के विविध क्षेत्रों में विकास, उत्थान, संस्कार, संपर्क, सहयोग, सेवा के कार्य करती है ।

उनमें से भारत को जानो प्रतियोगिता एक प्रकल्प है। डॉ.शिवदयाल मंगल ने अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रही टीमों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयुक्त संयोजक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस विशाल कार्यक्रम में व्यवस्थाओं के लिए कई टीम में बनाई गई प्रश्नोत्तरी में पंकज मंगलम, सुरेंद्र मित्तल, स्वाति शर्मा, दीपक गर्ग, राहुल गुप्ता महोली, सरोज मंगल वाडी, भोजन व्यवस्था में शिवनारायण गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गोयल, टेक्निकल टीम में विनय गुप्ता, गौरव गुप्ता, यातायात व्यवस्था में देवेश पीतलया, राजेश गुप्ता, गोपाल सरकंडी, आदित्य भारद्वाज, स्वागत व्यवस्था में अशोक बंसल, निर्मला खारवाल, पुष्पा मीना रही, देवेंद्र आर्य, विशेष सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में मंचासिन अतिथी एवं उपस्थित सदस्य।

कार्तिक शर्मा का राजस्थान की 16 सदस्यीय टीम में चयन

भरतपुर (निस)। बीसीसीआई द्वारा 13 नवंबर से उत्तराखंड राज्य के देहरादून में आयोजित की जा रही रणजी ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के राइट हैंड ओपनर बैट्समैन 18 वर्षीय कार्तिक शर्मा का राजस्थान की 16 सदस्यीय टीम में चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि यह मैच 13 नवंबर से 16 नवंबर तक देहरादून उत्तराखंड मे आयोजित होगा सचिव ने यह भी बताया की पिछले दिनों बीसीसीआई द्वारा आयोजित की गई वीनू मांकड ट्रॉफी में पूरे भारत में नंबर वन पर 500 रन बनाए थे तथा कल ही झारखंड धनबाद में हुये कूच बिहार ट्रॉफी के एक मैच में 181 रन की पारी खेली थी इसी प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की रणजी ट्रॉफी की टीम में चयन किया गया है एवं कार्तिक शर्मा पूर्व में अंडर-14 व 16 और अंडर-19 राजस्थान की टीमो में भी खेल चुके हैं तथा एनसीए भी कर चुके है कार्तिक भरतपुर जिले के ऐसे पहले खिलाड़ी है जो सीधे अंडर-19 टीम से रणजी ट्रॉफी की टीम में चयनित हुए हैं। कार्तिक के चयन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के कार्यालय पर मिठाई बांटी गई और एक दूसरे पदाधिकारियों को माला पहनाकर हर्ष व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया और अजय कुमार शर्मा संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी नाहर सिंह, वीनू सिंह, त्रिलोकनाथ शर्मा, मंगल सिंह, अवदेश खटाना, देवेंद्र सिंह कालू रजत शर्मा तथा चयनकर्ता नरेश खत्री, सूरज शर्मा, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह, पंकज गोयल एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया तथा भारी संख्या में साथी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

दीपावली मिलन समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। सिंधु सोशल सर्कल और सिंधु महिला सर्कल की ओर से सर्कल भवन पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राम बारात निकाली गई और पुष्पवर्षा और आरती से उनका स्वागत किया गया। प्रारंभ में सर्कल के संरक्षक किशोर व कांता मदनानी, अध्यक्ष कमल व रुचिका सपरा, सचिव राजेश व सिमरन ग्वालानी, सांस्कृतिक सचिव किशन व पूनम रतनानी, पीडी गुरमुख खूबचंदानी, गिरीश सहजवानी तथा महिला सर्कल अध्यक्ष नीतू वनवानी व दामोदर वनवानी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्कल परिवार की सिमरन ग्वालानी, बरखा दीवानी, पूनम जेठवानी, जया रामचंदानी व दिव्या जेठवानी ने नृत्य, प्रकाश वीर और नीना नाथानी ने हास्य नाटिका व राज ठाकुर ने कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी ने किया।

स्वदेशी अपनाना राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण : प्रधान मंजू

गंगापुर सिटी । हायर सेकेंडरी पार्क में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से रविवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंजू गुर्जर प्रधान पंचायत समिति एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉ. कुसुम गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दामोदरलाल गर्ग, घनश्याम शर्मा, सुरेश गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, जिला संयोजक महेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक गोपाल बैराडा, कार्यक्रम सह संयोजक रामचंद्र माखीजा, मनीष अग्रवाल ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक राष्ट ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी के जन्म दिवस के मौके पर शिव ओम डायग्नोस्टिक होम कलेक्शन सेंटर द्वारा 31० लोगों की निशुल्क जांच की गई। साथ ही सभी लोगों ने स्वदेशी जागरण मंच के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजक गोपाल बैराडा ने बताया कि मुख्य अतिथि मंजू गुर्जर और अन्य अतिथियों ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का राष्ट के प्रति प्रेम और समर्पण भाव लोगों के बीच ले जाकर अनूठी पहल की जा रही है। प्रबुद्ध जनों के बीच में जो यह संगोष्ठी रखी गई, जिसमें स्वरोजगार, स्वदेशी, स्वाबलंबन के बारे में जानकारी देकर समाज के लिए यह प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के सहसंयोजक रामचंद्र मखीजा और मनीष अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में शहर के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने स्वरोजगार, स्वदेशी और स्वाबलंबन पर अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमें स्वरोजगार को अपनाना चाहिए, ताकि खुद के साथ-साथ लोगों को भी नौकरी देने में सक्षम बन सकें। जो अपने उद्योग लगा रहे हैं, अपने प्रतिष्ठान खोल रहे हैं, उनका सम्मान समाज के अंदर करना चाहिए ताकि उनको संबल मिल सके। ताकि समाज और राष्ट के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकें। कार्यक्रम में जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर, कार्यक्रम संयोजक गोपाल बैराडा, कार्यक्रम सहसंयोजक रामचंद्र माखीजा, मनीष अग्रवाल, मुकेश बंसल, अशोक, भगवान कंपाउंडर, ओमप्रकाश, जगदीश गुप्ता, गिर्राज बेराडा, कछिया बजाज, ओमप्रकाश डंगायच, नवल किशोर, धर्मवीर सिंघल, कैलाश गुप्ता, अशोक गोयल, चन्दन जोशी, मनोहर जोशी, मदन, आकांक्षा अग्रवाल, पुष्पा बंसल, गायत्री जोशी मौजूद रहे।

परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर

भरतपुर (निस)। एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर ने परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर 2024 निर्धारित की है, विश्वविद्यालय ने पहली बार फार्म ऑनलाइन भरना अनिवार्य कर दिया है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के लिए प्रत्येक छात्र का विश्वविद्यालय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, किन्तु कुछ छात्रों का रजिस्ट्रेशन अपूर्ण होने से उनका परीक्षा फार्म भरना संभव नहीं है। भरतपुर व डीग जिलें में कुल सात कृषि महाविद्यालय संचालित है जिनकी परीक्षा कराने की जिम्मेदारी श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की है। डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में सही सेमेस्टर नहीं भरा है। कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी तृतीय सेमेस्टर, तृतीय वर्ष के विद्यार्थी पंचम सेमेस्टर तथा चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी सप्तम सेमेस्टर भरें भरतपुर (निस)। कैला देवी क्षेत्र विकास संस्थान झील का बाड़ा की ओर से 12 नवंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पीठ एवं गर्दन दर्द सहित रीढ की हड्डी में फैलाव, जोड़, मांसपेशियों में दबाव, हर्नियटेड, डिस्क डी जनरेतीव, साइटिका, सर्जरी बाद दर्द, पीठ, गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क आदि रोगो का दी डीकंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम मशीन से उपचार किया जाएगा। मंत्री बृज किशोर शर्मा ने बताया कि डी कंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम भरतपुर संभाग की पहली मशीन है कैंप का आयोजन 12 नवंबर मंगलवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक कोतवाली चौराहा डॉ एचएन शर्मा कैंपस में होगा। जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉ वीएन शर्मा और उनकी टीम निशुल्क के उपचार करेगी। मंत्री बृज किशोर शर्मा ने बताया कि डीकंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम मशीन अत्यधिक तकनीक से युक्त है। जो की कंप्यूटर और मोटराइज्ड सिस्टम से चलती है।

कार्यशाला का आयोजन

रामगंजमण्डी (निसं)। मोडक मंगलम सीमेंट लिमिटेड क्लब हाउस में रविवार को खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर द्वारा हैंडलिंग ऑफ एक्सप्लोसिव इन माइंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अजमेर से आये खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने रामगंजमंडी झालावाड़ क्षेत्र की सभी खदानों में ब्लास्टिंग से संबंधित टेक्निकल व नॉन टेक्निकल कर्मचारियों की मीटिंग का आयोजन किया। कार्यशाला में क्षेत्र की खदानों के माइंस मैनेजर फोरमेन मेट ब्लास्टर व ब्लास्टिंग से जुड़े श्रमिक वर्कशॉप में शामिल हुए। जहां खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने सभी को खदानों में एक्सप्लोसिव को हैंडलिंग व सुरक्षित ब्लास्टिंग करने के बारे में समझाया।

शायरों की गजलों का गुलदस्ता पेश किया

भरतपुर (निस)। नेटथियेट कार्यक्रम की श्रृंखला में यूं सजा चांद ग़ज़ल संध्या में शहर के उभरते ग़ज़ल सिंगर 'काजल सुनयना और ज्योति रानी' ने अपनी मखमली आवाज़ में सुप्रसिद्ध शायरों की गजलों का गुलदस्ता पेश किया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कलाकार काजल और ज्योति ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुप्रसिद्ध शायर बशीर बद्र की गजल 'यूं ही बेसबब ना फिर करो, किसी शाम घर भी रहा करो, वह गजल की सच्ची किताब है, उसे चुपके चुपके पढ़ा करो' से की। इसके बाद उन्होंने बहादुर शाह जफर की ग़ज़ल 'निकले थे जब सफर ये तो महदूद था जहां, तेरी तलाश ने कई आलम दिखाए हैं' और 'शायर शकील की 'हाल ए दिल पूछने वाले तेरे दुनिया में कभी दिन तो होता है मगर रात नहीं होती' फिर एक ग़ज़ल 'इतनी सी बात उनसे हुई प्यार हो गया दुनिया से बेखबर हुए अपनों से बेखबर यह क्या हुआ हर पल जो उनका हो गया' को जब अपनी पुरकशिश आवाज में इन ग़ज़लों को सुनाया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे। इनके साथ शहर के जाने माने तबला वादक 'ऋषि शर्मा' ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर गज़ल की इस महफिल को परवान चढाया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी तथा कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लीजेंड प्रीमियर लीग और डीसी चैंपियन लीग का आगाज

गंगापुर सिटी । नई दिशा सोसायटी द्वारा आयोजित लीजेंड प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हायर सैकण्डरी स्कूल के खेल प्रांगण में डॉ क्षितिज गुप्ता और आबकारी अधिकारी त्रिलोक अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का पहला मैच रनर्स क्लब और धुर्धेश्वर रॉयल के बीच खेला गया। जिसमें रनर्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 15 ओवर में 128 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी धुर्धेश्वर रॉयल टीम की धीमी शुरुआत रही। अंत में जय गुर्जर की तेज तर्रार 64 रन की पारी और नरेश पोसवाल की 28 रन की सधी हुई पारी की वजह से 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच में कैच ऑफ द मैच विजय सैनी, बोलर ऑफ द मैच जय गुर्जर, सिक्स ऑफ द मैच नरेश पोसवाल और मैन ऑफ दी मैच जय गुर्जर रहे। दूसरा मैच रॉयल सुपर किंग्स और सीनियर क्रिकेटर के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। और नरेंद्र गुर्जर 33 और बबलू चौधरी 49 रन की बदौलत 15 ओवर में 175 रन का विशाल स्कोर खडा कर दिया। जिसके जवाब में उतरी सीनियर क्रिकेटर के शुरुआत खराब रही और महज 3 विकेट 18 रन पर गिरने के बाद दिनेश महावर 47 रन ओर दिलीप सिंह 39 रन की बदौलत 15 ओवर में 129 रन ही बना सकी। रॉयल सुपर किंग्स ने 46 रन से मैच जीत लिया। इस मैच के टॉस ऑफ द मैच समाज सेवी घनश्याम शर्मा, कैच ऑफ द मैच बबलू चौधरी, सिक्स ऑफ द मैच नरेंद्र गुर्जर, बोलर ऑफ द मैच पप्पन और मैन ऑफ द मैच नरेंद्र गुर्जर रहे।

जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी । होटल नरूका प्राइड प्राइड में राजपूत सभा जिला सवाई माधोपुर की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजपूत सभा जयपुर द्वारा आयोजित सवाई जयसिंह जयंती समारोह के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में हाल ही में नवनियुक्त गंगापुर कोर्ट में एपीपी घनश्याम सिंह का माल्यार्पण कर साफा पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी 17 नवंबर को श्री राजपूत सभा भवन जगतपुरा जयपुर में सवाई जयसिंह जयंती के मौके पर विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन सांसद, विधायक, राजनेताओं, खिलाडियों और 1०वीं, 12वीं एग्जाम में 9० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह भी रखा गया।

श्री गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी पर किया श्री गोपाल जी की प्राण प्रतिष्ठा

गंगापुर सिटी । गोपाल गौशाला में की गोपाल जी की मूर्ति की स्थापना कर गोपाष्टमी की धूमधाम से मनाई। श्री गोपाल गौशाला दशहरा मैदान में गोपाल जी की मूर्ति की स्थापना की गई एवं गोपाष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। श्री गोपाल गौशाला समिति के महामंत्री कृपाशंकर उपाध्याय ने बताया कि भामाशाह उत्तम चंद सिंधी, सोनू सिंधी एवं उनके परिवार के सहयोग से श्री गोपाल जी की मूर्ति की स्थापना की गई। श्री रामायण जी का पाठ, गोपाल जी की मूर्ति की मंत्रो द्वारा स्थापना एवं गोपाष्टमी पर गो पूजन एवं हवन किया गया। गोपाष्टमी एवं गोपाल जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तम सिंधी ने कहा कि आज गौसेवा एवं गो कृपा से ही वे अपने जीवन में समृद्धि का संचय कर रहे हैं एवं गौशाला में यथाशक्ति दान कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राधेश्याम विजयवर्गीय ने कहा की सनातन संस्कृति में गौ सेवा का बडा ही अनूठा महत्व हर व्यक्ति को गौसेवा करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ मनोज जैन ने कहा वे कई वर्षों से गोपाल गौशाला से जुडे हुए हैं एवं गौ सेवा के लिए हमेशा लिए तैयार रहेंगे। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार गोयल पार्षद कुबेर मेडिकल ने कहा की गौमाता को अपने व्यवसाय में भागीदार बनाने पर व्यवसाय में दुगनी चौगनी वृद्धि होती है। श्री श्याम मंदिर कुशालगढ पर चढावे में आने वाले अनाज का समान रूप से सभी गौशालाओं में गोसेवा हेतु अनाज पहुंचता रहेगा। विशिष्ट अतिथि महेंद्र दीक्षित ने कहा कि गोसेवा का महत्व हमारे वेद पुराणों में बताया गया है इसलिए हम सब सनातनियों को सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर भामाशाह उत्तम सिंधी, सोनू सिंधी के परिवार को गौशाला का समिति द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही गोपाल गौशाला दशहरा मैदान में कमरा निर्माण करने पर भामाशाह कैलाश मंगलम को सम्मानित किया गया। श्री गोपाल गौशाला समिति में पूर्व अध्यक्षों के योगदान को सराहा गया एवं अतिथियों के द्वारा पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों व शहर के विभिन्न क्षेत्र में महत्व रखने वाले प्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं का का स्वागत सम्मान गौशाला द्वारा किया गया। श्री गोपाल जी की मूर्ति स्थापना आदि का कार्य आचार्य मनु शर्मा द्वारा किया गया। मंच का संचालन कृपाशंकर उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष विजय गोयल, कृपा शंकर उपाध्याय, इंद्रदेव गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता साबुन वाले, ओपी पीएनबी, अंकित गोयल, एडवोकेट अरविंद अग्रवाल, मदनमोहन आर्य, डॉ योगेश शर्मा, कवि गोपीनाथ चर्चित, प्रमोद मोदी, वैध भगवान सहाय पाराशर, मदन मोहन गुप्ता, भानू पारीक,गोविंदनारायण शर्मा, डॉक्टर सरिता बंसल, बच्चू लाल गर्ग, नितेश मोदी, द्वारका खटाना, गोपाल गुप्ता, एडवोकेट बृजनंदन दीक्षित, पार्षद धनसिंह मावई, महेश कटारिया, नीरू यादव, मिथलेश व्यास, पूर्व प्रिंसिपल शिवराम शर्मा, राधाबल्लभ गुप्ता, सुरेश सेक्रेटरी, आदि अनेक महानुभाव को प्रेमी उपस्थित रहे।

रामलीला में नारद अभिमान तोडने का मंचन करते कलाकार।

सार-समाचार

कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान भरतपर की जिला प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक भगत सिंह मॉर्डन माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर, भरतपुर में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष वीरीसिंह कुन्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगठन की विभिन्न मांगों का ज्ञापन जिला कलक्टर को प्रदान किया जायेगा। कुन्तल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न मांगों में जिला मुख्यालय पर भवन उपलब्ध करवाने, सीनियर सिटीजन को रेल्वे में पूर्ववत कन्सेशन प्रदान कराने, माता-पिता भरण पोषण एक्ट 2010 के नियमों के प्रावधान अनुसार जिला समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित करवाने, रोडवेज बसों में राजस्थान से बाहर अन्य प्रदेशों में वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा करने पर बस किराये में छूट प्रदान करवाने, शहर के व्यस्ततम मुख्य सारस चौराहे पर सुलभ शौचालय बनवाने आदि के बारे में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिकों का आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस उदयपुर में 22 से 23 फरवरी 2025 को भरतपुर से 25 सक्रिय सदस्यों का प्रतिनिधि मण्डल द्वारा भाग लिया जायेगा। बैठक में जनाना हॉस्पीटल में स्थापित आमजन की प्याऊ की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित है तथा सैटेलाईट चिड़ियाघर हॉस्पीटल में वाटरकूलर, प्याऊ की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये इस सप्ताह मे वरिष्ठ नागरिकों के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा अवलोकन किया जायेगा। 1 अक्टूबर 2024 को अर्न्तराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर राजकीय वृद्धा आश्रम में 27 वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। मीटिंग में संरक्षक रामस्वरूप गुप्ता, प्रदेश प्रचार मंत्री उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष जलसिंह फौजदार एवं सतीश पाराशर तथा महामंत्री ओमवीर सिंह, कोषाध्यक्ष भूपसिंह, अतिरिक्त महामंत्री शिवदत्त तेनगुरिया, पुरूषोत्तम चावला, संतोष अग्रवाल, प्रेमसिंह वर्मा, बल्देव प्रसाद शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूनम शर्मा बनी प्रदेश महासचिव

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बबीता शर्मा की अनुशंषा पर भरतपुर की पूनम शर्मा निवासी कृष्णा नगर को प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ राजस्थान नियुक्त किया गया है। जिसकी नियुक्ति का समाचार जिला ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष कलपेश शर्मा द्वारा मय कार्यकारिणी के खुशी जाहिर करते हुए इस नियुक्ति पर नवनियुक्त महासचिव राजस्थान पूनम शर्मा को बधाई देते हुए शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष ने संघ के निर्देशानुसार संघ की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिये हैं तथा इस नियुक्ति पर अध्यक्ष प्रदेश बबीता शर्मा द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है, जिस पर पूनम शर्मा को उसके समस्त प्रशंसकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया है।

फूल-बंगला व छप्पनभोग 12 को

करौली,(नि.स.)। करौली शहर के भूडारा बाजार में स्थित करणपुर वाली गुमानो माता के मंदिर में 12 नवंबर को गुमानो माता कि फूल-बंगला के साथ छप्पनभोग की झांकी सजाई जाएगी। माता कि भक्त हेमलता कंवर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शांति देवी शेखावत,ठा. वीरेंद्र सिंह, ठा. सुरेंद्र सिंह व ठा. विजय सिंह शेखावत कोटा वालों की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान माता के मंदिर में रंग-बिरंगी रोशनी के साथ फूल-बंगला का आयोजन कर गुमानो माता को छप्पनभोग लगाकर झांकी सजाई जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण कि जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक भक्तों से गुमानो माता के दर्शन कर मनौतियां मांगने का आव्हान किया है।

111 मीटर लम्बी चूनरी चढाई

गंगापुर सिटी । मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ माता के दरबार में शनिवार को महारानी पैलेस में रात्रि 9 बजे से भगवती जागरण का आयोजन किया गया। भगवती जागरण में कलाकारों द्वारा एक से एक माता रानी की भेंट सुना कर श्रोताओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। महारानी पैलेस में सर्वप्रथम माता रानी का दरबार सजाकर विधि विधान से माता रानी को विराजमान कर अखंड ज्योत जलाकर जागरण की शुरुआत हुई। भगवती जागरण प्रात: 4 बजे तक चला। जागरण आरती के पश्चात रविवार प्रात: 7 बजे भक्त देवी चरण गर्ग, अशोक करौली, पूर्व चेयरमैन सुरेश चंद सिंघल, वेदप्रकाश मंगल, रामावतार महोली, कैलाश बाबा, सुनील उदेई, गोविंद तलावडा, दिनेश करणपुर, मदन मोहन वजीरपुर, मनसुख मेडी, जितेंद्र बुकसेलर, लक्ष्मी नारायण, अमित हैप्पी, राहुल अग्रवाल, कृष्ण कुमार, रॉकी, मंगती लालआदि सहित सैकडो महिला पुरुष भक्तों द्वारा माता रानी माता रानी की 111 मीटर लंबी विशाल चुनरी हाथों में लेकर ढोल नगाडे और माता रानी के जय कारों के साथ इंदरगढ भवन के लिए रवाना हुऐ सैकडो भक्तों का रैला एक साथ जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय होकर गूंजायमान हो गया। माता रानी को चुनरी चढाकर दर्शन व आरती कर अन्नकूट महा प्रसादी कढी बाजरा खीर पुआ पूडी-सब्जी हलुआ चने का भोग लगाया कन्याओं को भोजन कराकर पंगत पर महा प्रसादी वितरण की गई।

बच्चों को कानून की जानकारी दी

रूपवास। गांव नोहरदा के सरकारी स्कूल में विधिक सेवा शिविर के तहत बच्चों को कानून की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ बच्चूसिंह चाहर ने की। शिक्षाविद लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि विधिक सेवा समिति की ओर से शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों व अभिवाभक सहित ग्रामीण लोगो को कानून की जानकारी देते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को गुड टच व बेड टच के बारे में बताते हुए घर से स्कूल व कही भी गांव से बाहर जाते समय अनजान व्यक्ति के सम्पर्क में नही रहने, खाने पीने की चीजें नही लेने की बात कही। इसके साथ ही स्कूल समय से आने व पढ़ने की बात कही। इस मौके पर शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

माइंस कार्यशाला का आयोजन

रामगंजमण्डी (निसं)। मोडक मंगलम सीमेंट लिमिटेड क्लब हाउस में रविवार को खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर द्वारा हैंडलिंग ऑफ एक्सप्लोसिव इन माइंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अजमेर से आये खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने रामगंजमंडी झालावाड़ क्षेत्र की सभी खदानों में ब्लास्टिंग से संबंधित टेक्निकल व नॉन टेक्निकल कर्मचारियों की मीटिंग का आयोजन किया। कार्यशाला में क्षेत्र की खदानों के माइंस मैनेजर फोरमेन मेट ब्लास्टर व ब्लास्टिं